संख्याः 2–248/2023–हि0प्र0वि0वि0(सा0)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
"सामान्य प्रशासन शाखा"

प्रेषित,

विश्वविद्यालय कोर्ट के
सभी सम्माननीय सदस्य

दिनांकः शिमला–5, [illegible] 2023

विषयः– विश्वविद्यालय कोर्ट की 34वीं बैठक की कार्यवाही।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय कोर्ट की 34वीं बैठक जो दिनांक 21–10–2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही आपके अवलोकन एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

21/11/2023

कुलसचिव
सचिव– विश्वविद्यालय कोर्ट

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः [illegible]

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित प्रेषित हैः–

1. सचिव, कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि०प्र० राज भवन, शिमला।
2. अधिष्ठाता अध्ययन/छात्र कल्याण/मुख्य छात्रपाल/निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र/ वित्त अधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक/ अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक/ प्रभारी–पुस्तकालय, हि०प्र०वि०, शिमला–5
3. समस्त संकायों के अधिष्ठाता/ समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष/ निदेशक, हि०प्र०वि०, शिमला–5
4. संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग/ उप–कुलसचिव (स्था०), हि०प्र०वि०, शिमला–5
5. प्राचार्य, हि०प्र०वि०, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1
6. प्रभारी, वैब–साईट, हि०प्र०वि०, शिमला–5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
7. सचिव, कुलपति/ विशेष–निजी सचिव, कुलपति/ सहायक कुलसचिव (कुलपति कार्यालय), हि०प्र०वि०, शिमला–5
8. विशेष–निजी सचिव, प्रति–कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
9. रक्षक मिसिल।

कुलसचिव
सचिव– विश्वविद्यालय कोर्ट

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
## ज्ञान–पथ, समरहिल, शिमला–171 005
## सामान्य प्रशासन शाखा

## विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 21–10–2023 को आयोजित की गई बैठक की कार्यवाही

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक दिनांक 21–10–2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे श्री शिव प्रताप शुक्ल, माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. आचार्य सत प्रकाश बंसल, माननीय कुलपति, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
2. आचार्य राजेन्द्र वर्मा, माननीय प्रति–कुलपति, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
3. श्री पंकज राय, विशेष सचिव (शिक्षा), हि0प्र0 सरकार, शिमला–2।
4. डॉ. एल.एस. वर्मा, सह–आचार्य, लोक प्रशासन, राजीव गांधी राज. महाविद्यालय, चौड़ा मैदान, शिमला, हि0प्र0 ।
5. आचार्य संजय सिंधु, अधिष्ठाता, विधि संकाय, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
6. आचार्य दुनी चन्द, अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान संकाय, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
7. डॉ. (श्रीमती) शालिनी गुप्ता, अध्यक्ष, योगा अध्ययन, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
8. डॉ. अरूण सिंह, अध्यक्ष, पुरातत्व और प्राचीन इतिहास, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
9. डॉ. संदीप कुमार (UILS) अध्यक्ष भोटी विभाग, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
10. श्री संदीप गुप्ता, सहायक आचार्य (संगीत), राज. महाविद्यालय, अर्की।
11. आचार्य अरविन्द कालिया, कम्पयूटर साईंस विभाग, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
12. डॉ. आभा चौहान खिम्टा, सह–आचार्य, राजनीतिक शास्त्र विभाग, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
13. आचार्या नीलिमा कंवर, अधिष्ठाता, भाषा संकाय, हि०प्र०वि०वि०, शिमला–5
14. आचार्य श्याम लाल कौशल, अधिष्ठाता, पर्यावरण विकास और स्थिरता अध्ययन, हि०प्र०वि०वि०, शिमला–5
15. श्री हरीश जनारथा, माननीय विधायक–विधान सभा, शिमला शहरी, शिमला, हि०प्र०
16. आचार्य देव दत्त शर्मा, भूगोल विभाग, हि०प्र०वि०वि०, शिमला–5
17. डॉ० विकास सिंह, सह–आचार्य, राजनीतिक शास्त्र विभाग,हि०प्र०वि०वि० शिमला–5
18. श्री सुरेश कुमार, माननीय विधायक–विधान सभा, भोरंज, हमीरपुर, हि०प्र०
19. आचार्य (डॉ.) राजेन्द्र कुमार शर्मा, माननीय कुलपति, जे.पी. विश्वविद्यालय, वाकनाघाट, कण्डाघाट, सोलन, हि.प्र.।
20. डॉ. संजीव कुमार चौहान, निदेशक (शोध), डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय बागवानी एवं वानिकी, सोलन, हि.प्र.।
21. श्री पवन अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) प्रभात प्रकाशन, प्रभात प्रकाशन टॉवर, 4/19, आसफ अली रोड, नई दिल्ली।
22. आचार्य सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उत्तरायन पलोट नं.204, पाम पेराडाईस,गोरखपुर, उ.प्र.
23. श्री गीता राम, सदस्य कार्यकारिणी परिषद्, हि.प्र.विश्वविद्यालय, शिमला।
24. श्री देवेन्द्र कुमार, सदस्य विश्वविद्यालय कोर्ट, हि.प्र.विश्वविद्यालय, शिमला।
25. डॉ. विरेन्द्र शर्मा, हि.प्र.से., (सचिव, विश्वविद्यालय कोर्ट), कुलसचिव, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।

# कुलपति महोदय का स्वागत भाषण

विश्वविद्यालय कोर्ट की 34वीं नियमित बैठक में मैं सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

सर्वप्रथम मैं माननीय श्री शिव प्रताप शुक्ल जी का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नियुक्त किये जाने पर उन्हें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ और आशा करता हूँ कि उनके कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर होगा तथा शिक्षण जगत के क्षेत्र में नई उंचाईयों को प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त मैं निःवर्तमान राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, माननीय श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जी द्वारा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिवार को समय-समय पर दिए गए उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में निर्णय लेने व सुझाव देने हेतु उनका आभार एवं धन्यवाद करता हूँ।

सर्वप्रथम मुझे कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों को सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 26वां दीक्षांत समारोह दिनांक 19 अप्रैल, 2023 को बड़े ही हर्षोल्लास से आयोजित किया गया तथा भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने मुख्य अतिथि के रूप में पधार कर दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री शिव प्रताप शुक्ल जी ने की। इस समारोह में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमन्त्री श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू जी ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार कर कार्यक्रम में शिरकत की तथा हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मन्त्री श्री रोहित ठाकुर जी एवं माननीय श्री सुरेश कश्यप, सांसद शिमला लोकसभा क्षेत्र समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पूर्व विद्यार्थी वृहद् -2022 समारोह का आयोजन दिनांक 21 अगस्त, 2022 को बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समागम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा रहे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य मन्त्री श्री जय राम ठाकुर द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुखविदर सिंह सुक्खू, माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री विवेक ठाकुर, न्यायाधीश माननीय श्री चन्द्रभूषण बारोवालिया, न्यायाधीश माननीय श्री सुशील कुकरेजा, श्री अनुपम खेर, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, डॉ. रणदीप गुलेरिया, निदेशक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, श्री विपिन परमार, माननीय अध्यक्ष, विधान सभा, श्री सुरेश भारद्वाज, माननीय पूर्व शहरी विकास मन्त्री, श्री राकेश सिंघा-पूर्व विधायक, उपस्थित रहे।

मैं आप सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित करना चाहता हूं कि दिनांक 2 नवम्बर से 4 नवम्बर, 2022 तक राष्टीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का दौरा किया गया इस दौरे में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने **NAAC** ग्रेडिंग में अपना ए ग्रेड कायम रखने में सफलता प्राप्त की है।

इसके अतिरिक्त मैं कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश पर आई प्राकृतिक आपदा के चलते इस वर्ष विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस -2023 आयोजित नहीं किया गया तथा विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा इस प्राकृतिक आपदा के लिए मुख्मन्त्री राहत कोष में 33 लाख 55 हज़ार 249 रूपये का अंशदान दिया।

विश्वविद्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस-2023 का कार्यक्रम सादगी एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर युद्ध शहीद नालागढ़ क्षेत्र से सम्बन्धित जैक राईफल रेजिमेंट के राईफलमैन श्री प्रदीप कुमार को स्मर्णांजलि दी गई।

विश्वविद्यालय परिसर में शिव बावड़ी में दिनांक 14.08.2023 को आई प्राकृतिक आपदा के कारण मारे गए आचार्य पी.एल.शर्मा, गणित विभाग उनकी धर्मपत्नी व उनके बेटे, डॉ. श्रीमती मानसी हरीश, सहायक आचार्य, गणित विभाग, उनके पति एवं प्रयोगशाला सहायक श्री प्रदीप कुमार की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

मैं विश्वविद्यालय कोर्ट के नवनियुक्त सदस्यों श्री सुरेश कुमार, माननीय विधायक, भोरंज, श्री केवल सिंह पठानिया, माननीय विधायक, शाहपुर, श्री हरीश जनार्था, माननीय विधायक, शिमला शहरी, आचार्य देव दत्त शर्मा, कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी, आचार्य प्रशांत गौतम, पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़, डॉ. ब्रिज शर्मा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी आई.जी.एम.सी, आचार्य अरविन्द कालिया, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, विभागाध्यक्ष, योग अध्ययन, विभागाध्यक्ष, पुरातत्व एवं प्राचीन अध्ययन, विभागाध्यक्ष, भोटी, श्री राकेश कुमार, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय भोरंज, हमीरपुर, डॉ. (श्रीमती) अरुणा भारद्वाज, प्राचार्य, रा. महाविद्यालय कोटला खुर्द, ऊना, श्रीमती नीना वासुदेवा, प्राचार्य, रा.महाविद्यालय बिलासपुर, श्रीमती बंदना वैद्य, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धरंग-नारला, मण्डी, श्री सतेंदर कुमार शर्मा, प्राचार्य, रा.महाविद्यालय भंगाना, ऊना, श्रीमती अनुपमा गर्ग, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान, शिमला, श्रीमती अंजु बाला शर्मा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय झंडुता, बिलासपुर, श्री अश्वनी कुमार, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धनेटा, हमीरपुर, डॉ. विकास सिंह, सह-आचार्य, राजनीतिक विज्ञान विभाग, अधिष्ठता भाषा संकाय, अधिष्ठाता पर्यावरण विज्ञान एवं वहनीयता अध्ययन एवं डॉ. नन्द लाल शर्मा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पनारसा, मण्डी का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

इसके साथ ही मैं विश्वविद्यालय कोर्ट के निवर्तमान सदस्य रहे श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, श्री राकेश कुमार, माननीय विधायक, श्री सुरेन्द्र शौरी, माननीय विधायक, आचार्य एन. के.शारदा, कार्यकारिणी परिषद्, आचार्य वी.पी. शर्मा, कार्यकारिणी परिषद्, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, समाज शास्त्र, श्रीमती नीलम कौशिक, प्राचार्य रा.महाविद्यालय सोलन, श्री पी.के.सलारिया, प्राचार्य रा.महाविद्यालय नालागढ़, श्री आर.सी.ठाकुर, प्राचार्य, रा.महाविद्यालय सरकाघाट, मण्डी, श्रीमती कमलेश ठाकुर, प्राचार्य रा.महाविद्यालय चायल कोटी, डॉ.(श्रीमती) संजीवन कटोच, प्राचार्य रा.महाविद्यालय नौरा कांगड़ा, श्री बिपिन चन्द राठौर, प्राचार्य, रा. महाविद्यालय हरिपुर, मण्डी, श्रीमती अंजु बत्ता सहगल, प्राचार्य रा.महाविद्यालय हमीरपुर, श्रीमती सपना बंता, प्राचार्य बी.एड़ महाविद्यालय कांगड़ा, श्रीमती वीना राठौर, प्राचार्य रा.महाविद्यालय पांवटा साहिब, डॉ.नवेन्दू शर्मा, प्राचार्य आर.के.एम.वी, आचार्य मोहन लाल झारटा, समाज शास्त्र विभाग, डॉ. संजना शमशेरी, सह-आचार्य, अंग्रेजी विभाग, आचार्य नागेश ठाकुर, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय एवं डॉ. अनिल कुमार जरयाल, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय खुंडियां, कांगड़ा का विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में निर्णय लेने व सुझाव देने हेतु उनका आभार एवं धन्यवाद करता हूँ।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः-

1. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक राज्यपाल एवं कुलाधिपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
2. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग अध्ययन विभाग द्वारा 'समृद्धि के लिए योग' विषय पर आयोजित योगोत्सव में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

3. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कुलाधिपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राष्ट्रीय शिक्षा-2020 नीति की कार्यान्वयन बैठक की अध्यक्षता की।

4. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा योग दिवस से 75 दिन पूर्व आयोजित योगोत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम जो कि विश्वविद्यालय के योग विभाग, आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के अर्न्तगत मुरार्जी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

5. दिनांक 8 अप्रैल, 2022 को वर्चुअल मीट के माध्यम से उत्तरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ज़ोनल समिति की बैठक की गई।

6. दिनांक 19 अप्रैल, 2022 को आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा "क्षमता निर्माण कार्यक्रम" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल मीट के माध्यम से भाग लिया।

7. दिनांक 21 अप्रैल, 2022 को विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र बैठक एवं सम्मान समारोह के लिए गठित कोर समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की।

8. दिनांक 23 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान में "महिला उत्पीड़न" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

9. दिनांक 11 मई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रावासों में बने जिम का उद्घाटन किया। सभी छात्रावासों में बुक बैंक भी खोला जाएगा ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को पूरा करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके।

10. दिनांक 12 मई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूल में 10+2 विज्ञान एवं वाणिज्य की कक्षाओं का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ।

11. दिनांक 13 मई, 2022 को विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग द्वारा मेनिफ़स्ततिओन (अभिव्यक्ति) नाम से कला प्रदर्शनी आरम्भ हुई।

12. दिनांक 13 मई, 2022 को विश्वविद्यालय के योग अध्ययन विभाग एवं योग भारतीय हिमाचल के बीच शोध कार्यों में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

13. दिनांक 13 मई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में राज्य स्तरीय आपदा प्रबन्ध संस्थान खोलने के लिए सैद्धांतिक रूप से फ्रेंच डवैल्पमेंट एजेंसी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय आपदा प्रकोष्ठ के बीच एक बैठक का आयोजन हुआ।

14. दिनांक 18 मई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संगठन की बैठक की अध्यक्षता की। निकट भविष्य में संगठन का एक वृहद् सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें पूर्व छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के 52 वर्षों के इतिहास में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व छात्रों का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

15. दिनांक 30 मई, 2022 को विश्वविद्यालय के बी.आर.अम्बेडकर पीठ द्वारा "संविधान, लोकतन्त्र एवं भारत" विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

16. दिनांक 30 मई, 2022 को विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों कार्यों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

17. दिनांक 31 मई, 2022 को विश्वविद्यालय के यू.आई.टी. का निरीक्षण किया।

18. दिनांक 31 मई, 2022 को विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के कार्यान्यन के सम्बन्ध में एक बैठक की अध्यक्षता की।

19. दिनांक 7 जून, 2022 को कनाडा के उच्चायुक्त, एच ई. कैमरन मैके और कनाडा के महावाणिज्य दूत पैट्रिक हेबर्ट ने आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का दौरा किया।

20. दिनांक 22 जून 2022 को डॉ. हिम चटर्जी, आचार्य एवं अध्यक्ष, दृश्य एवम कला विभाग को इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दुनिया का सबसे लंबा आउट डोर भितिचित्र बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

21. दिनांक 28 जून, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों को उनके शैक्षणिक एवम् संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के उद्देश्य से बातचीत के लिए आमंत्रित किया।

22. दिनांक 28 जून, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के स्थापना सप्ताह 2022 व पूर्व छात्र सम्मेलन के आयोजन से सम्बन्धित बैठक अध्यक्षता की।

23. दिनांक 29 जून, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग और राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, शिमला स्थित क्षेत्रीय कार्यालय हिमाचल प्रदेश द्वारा "आजादी के अमृत महोत्सव" के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भारतीय सांख्यिकी के जनक पी.सी.माहनोलोबीस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर कुलपति समिति कक्ष मे सतत विकास के लिए आंकड़े विषय पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

24. दिनांक 29 जून, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कोविड के बाद तीन वर्ष के अंतराल के बाद आज स्नातकोत्तर केन्द्र का पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस समारोह में शिक्षा, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

25. दिनांक 30 जून, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से आचार्य सेवा सिंह चौहान - लोक प्रशासन विभाग, आचार्य मोहन लाल झारटा - समाज विज्ञान विभाग, आचार्य संजीव कुमार महाजन - लोक प्रशासन विभाग, आचार्य (श्रीमती) वीना शर्मा - गणित विभाग, आचार्य परमा नन्द बंसल - संगीत विभाग, आचार्य रंजना भान - शिक्षा विभाग, आचार्य नैन सिंह - शिक्षा विभाग, आचार्य (श्रीमती) सुवर्चा चौहान - रसायन विभाग, आचार्य प्रदीप कुमार वैद्य - लोक प्रशासन विभाग (इक्डोल), आचार्य कर्म चन्द शर्मा - अर्थशास्त्र, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, डॉ. विरेंद्र कुमार सांतवान - पर्यावरण विज्ञान, आई.आई.एच.एस, डॉ.शक्ति कपूर - विदेशी भाषा विभाग और आचार्य सिकन्दर कुमार - अर्थशास्त्र विभाग से अपनी उत्कृष्ट सेवायें देने के बाद सेवानिवृत हो गए।

26. दिनांक 1 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली एलुमनी मीट के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

27. दिनांक 8 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम को सम्बोधित किया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020-कार्यान्वयन विमर्श की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

28. दिनांक 9 जुलाई, 2022 को विश्वविद्यालय में प्रैस वार्ता आयोजित की गई।

29. दिनांक 18 जुलाई, 2022 को वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

30. दिनांक 18 जुलाई, 2022 को विश्वविद्यालय के छात्रावासों में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

31. दिनांक 21 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य पर "आयुर्वेद का परिचयः जीवन का विज्ञान" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में ऑनलाईन भाग लिया।

32. दिनांक 21 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 53वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में सभागार में हिन्दी गीत रामायण का लोकार्पण तथा गायन प्रथमेश क्रियेशन ग्रुप गोवा द्वारा प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की पूर्व संध्या के मुख्य अतिथि, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलाधिपति, श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर रहे।

33. दिनांक 22 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का 53वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि, हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप हिमाचल प्रदेश के पूर्व शहरी विकास एवं विधि मन्त्री श्री सुरेश भारद्वाज तथा हिमाचल प्रदेश के पूर्व शिक्षा मन्त्री श्री गोविन्द सिंह ठाकुर रहे।

34. दिनांक 22 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के डॉ0 यशवन्त सिंह परमार पीठ के अध्यक्ष डॉ.ओम प्रकाश शर्मा की पुस्तक "हिमाचल स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास" का विमोचन किया।

35. दिनांक 25 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में राष्ट्रव्यापी आज़ादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत के हिस्से के रूप में, केरल के 53 छात्र और संकाय सदस्य 25 जुलाई को पांच दिवसीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए शिमला पहुंचे।

36. दिनांक 26 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एवं भारतीय शिक्षण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय सभागार में "भारतीय ज्ञान परंपरा में व्यास पूजा" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, श्री मुकुल कानिटकर मुख्य वक्ता रहे।

37. दिनांक 26 जुलाई, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले "पूर्व विद्यार्थी वृहद् समागम" सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

38. दिनांक 10 अगस्त, 2022 को विश्वविद्यालय के कुलपति समिति कक्ष में पंचनाद शोध संस्थान द्वारा "लोक परम्पराओं में भारत बोध" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

39. दिनांक 10 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश के माननीय शिक्षा मन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित "हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा" अभियान की आयोजित वर्चुअल बैठक में भाग लिया।

40. दिनांक 10 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले "पूर्व विद्यार्थी वृहद् समागम-2022" सम्मान समारोह हेतु गठित कोर समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

41. दिनांक 12-13 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की खेल एवं पाठ्येतर गतिविधियों की 50वीं वार्षिक बैठक व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय बैठक में प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के वन, खेल एवं युवा कार्यक्रम मन्त्री उपस्थित रहे।

42. दिनांक 12 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधिक अध्ययन संस्थान के एन.एस.एस यूनिट के छात्रों द्वारा हर घर तिरंगा योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर से यू.आई.एल.एस तक तिरंगा यात्रा आयोजित की गई।

43. दिनांक 12 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू, नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

44. दिनांक 14 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ तथा महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

45. दिनांक 15 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में को 76वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अमर शहीद ग्रेनेडियर श्री नरेश कुमार को सम्मानित किया। यह सम्मान कुलपति महोदय द्वारा उनकी माता श्रीमती सत्या देवी जी को प्रदान किया।

46. दिनांक 20 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी पीठ द्वारा विधि विभाग के समिति कक्ष में "जॉब सीकर से जॉब क्रियेटर तक उद्यमिता" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

47. दिनांक 27 अगस्त, 2022 को शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा एक संवाद प्रलेचान और बनुसंधान - बौद्धिक विरासत बनाने पर एक अभिविन्यास कार्यशाला में भाग लिया।

48. दिनांक 29 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर "भारतीय खेल - अवसर एवं चुनौतियां" विषय पर कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश की शान श्रीमती सुमन रावत मैहता रहीं।

49. दिनांक 30 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पूर्व विद्यार्थी वृद् समागम - 2022 के सफल आयोजन पर आभार कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

50. दिनांक 31 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नैक की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।

51. दिनांक 31 अगस्त, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान "राष्ट्र प्रथम" विषय पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

52. दिनांक 1 सितम्बर, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (इक्डोल) का दौरा किया।

53. दिनांक 7 सितम्बर, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन संस्थान, राष्ट्रीय अनुसूचित जनताति आयोग, नई दिल्ली एवं अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में "स्वतन्त्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य मन्त्री, श्री जयराम ठाकुर रहे। मुख्य वक्ता के रूप में श्री शरद चव्हाण, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अनुसूचित जनताति आयोग, नई दिल्ली, श्री मिलिंद सुरेन्द्र थाथे रहे।
54. दिनांक 14 सितम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में "संस्कृत दिवस" पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
55. दिनांक 14 सितम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में "हिन्दी दिवस" पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
56. दिनांक 21.09.2022 को विश्वविद्यालय सभागार में ऊर्जा स्वराज यात्रा का हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्वागत किया गया तथा जलवायु परिवर्तन को कम करने के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।
57. दिनांक 30.09.2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधिक अध्ययन संस्थान द्वारा **"मोदी @ 20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी"** विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व शहरी विकास मन्त्री, श्री सुरेश भारद्वाज रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, श्री सुधांशु त्रिवेदी, सांसद (राज्य सभा) राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी रहे।
58. दिनांक 04.10.2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद की बैठक की अध्यक्षता की।
59. दिनांक 19.10.2022 को कुलपति कार्यालय में अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ नैक के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।
60. दिनांक दिनांक 20.10.2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के केन्द्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष पद हेतु नेहा संधू, माईक्रोबायोलॉजी विभाग - जीव विज्ञान संकाय, उपाध्यक्ष पद हेतु सिमरन, रसायन विज्ञान विभाग - भौतिकी विज्ञान संकाय, सचिव पद हेतु भानू प्रिया, जैव विज्ञान विभाग - जीव विज्ञान संकाय एवं संयुक्त सचिव पद हेतु आशीष कुमार, प्रबन्धन अध्ययन विभाग - प्रबन्ध संकाय शामिल रहे।
61. दिनांक 29.10.2022 को कुलपति कार्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ज्ञानोत्सव-2079 में ऑनलाईन माध्यम से भाग लिया।
62. दिनांक 14.1.2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में नैक की तैयारियों में सम्मिलित सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, निदेशकों, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक की।
63. दिनांक 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर, 2022 तक डी वाई पाटिल विश्वविद्यालय नवी मुम्बई में चयन समिति में भाग लिया।
64. दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 को राज भवन शिमला में माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से कार्यसूची के अनुसार विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

65. दिनांक 6 जनवरी, 2023 को राज भवन में हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सभी सरकारी विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक आयोजित की गई।
66. दिनांक 13 जनवरी, 2023 को इण्डियाना विश्वविद्यालय, पेनसिल्वेनिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
67. दिनांक 10 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, निदेशकों के साथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।
68. दिनांक 17 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र द्वारा "महिला दिवस" के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
69. दिनांक 24 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की।
70. दिनांक 28 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा "भारत और दक्षिण एशियाः एक बाधा के रुप में सीमा को समझना" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
71. दिनांक 27 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा "संस्कृत वांगमय की वैश्विक उपाध्यता" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
72. दिनांक 28 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय की वित समिति की बैठक की अध्यक्षता की।
73. दिनांक 29 मार्च, 2023 को विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
74. दिनांक 31 मार्च, 2023 को जी-20 विश्वविद्यालय कनेक्ट (वीडियो कॉफ्रेंस) "युवाओं के मन को आकर्षित करना" जी-20 श्रृंखला की भारतीय अध्यक्षता पर विशेष व्याख्यान में भाग लिया।
75. दिनांक 3 अप्रैल, 2023 को राजकीय महाविद्यालय ऊना में नई शिक्षा नीति - 2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक को सम्बोधित किया।
76. दिनांक 27 अप्रैल, 2023 को कुलपति समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव डॉ. अभिषेक जैन के साथ विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
77. दिनांक 28 अप्रैल, 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में जनसंख्या घड़ी का उद्घाटन किया तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
78. दिनांक 29 अप्रैल, 2023 को विश्वविद्यालय खेल मैदान में कुलपति टी-20 कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
79. दिनांक 5 मई, 2023 को राज भवन शिमला में माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ सुश्री कनिका चौधरी, विशेष दूत भारत एवं सुयुक्त अरम अमीरात, पेंसिल्वेनिया, यू.ए.एस. की विशेष बैठक में भाग लिया।
80. दिनांक 5 मई, 2023 को बेनमोर निवास में पूर्व मुख्य मन्त्री माननीय श्री जय राम ठाकुर के साथ सुश्री कनिका चौधरी, विशेष दूत भारत एवं सुयुक्त अरम अमीरात, पेंसिल्वेनिया, यू.ए.एस. की विशेष बैठक में शामिल हुआ।

81. दिनांक 6 मई, 2023 को शिमला सचिवालय में शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश माननीय श्री रोहित ठाकुर के साथ सुश्री कनिका चौधरी, विशेष दूत भारत एवं सुयुक्त अरम अमीरात, पेंसिल्वेनिया, यू.ए.एस. की विशेष बैठक में भाग लिया।
82. दिनांक 6 मई, 2023 को विश्वविद्यालय समिति कक्ष में सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ सुश्री कनिका चौधरी, विशेष दूत भारत एवं सुयुक्त अरम अमीरात, पेंसिल्वेनिया, यू.ए.एस. विचार-विमर्श किया।
83. दिनांक 6 मई, 2023 को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक के साथ बैठक में भाग लिया।
84. दिनांक 7 मई, 2023 को सेसिल ओबरॉय शिमला में चर्चा के उपरान्त सुश्री कनिका चौधरी, विशेष दूत भारत एवं सुयुक्त अरम अमीरात, पेंसिल्वेनिया, यू.ए.एस. निकास बैठक की अध्यक्षता की।
85. दिनांक 16 मई, 2023 को ऑनलाईन बैठक में पी.ए.एस.एस.एच.ई.-पेन-हब हिमाचल सरकार व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन हेतु आनलाईन बैठक की अध्यक्षता की।
86. दिनांक 17 मई, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में हमीर संगम "हमीरपुरी धाम" में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मन्त्री श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिरकत की।
87. दिनांक 18 मई, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में हमीर संगम "हमीरपुरी धाम" में केन्द्रीय मन्त्री सूचना, प्रसारण एवं खेल मन्त्री माननीय श्री अनुराग ठाकुर तथा राज्य सभा सदस्य माननीय डॉ.सिकन्दर कुमार भी शामिल हुए।
88. दिनांक 25 मई, 2023 को कुलपति समिति कक्ष में "भारतवर्ष की आज़ादी के 75 वर्षों में पत्रकारों की देश में भूमिका " द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी जो कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
89. दिनांक 14 जून, 2023 को विश्वविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय योग कार्यशाला का शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
90. दिनांक 15 जून, 2023 को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'दिशिता' में लिए मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
91. दिनांक 30 जून, 2023 को शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
92. दिनांक 30 जून, 2023 को कार्यकारी परिषद की आपात बैठक (परिसंचरण द्वारा) आयोजित की गई।
93. दिनांक 07 जुलाई, 2023 को वित्त समिति की बजट बैठक की अध्यक्षता की।
94. दिनांक 07 जुलाई, 2023 को जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट एंगेजिंग यंग माइंड्स लेक्चर सीरीज - जी-20 इंडिया प्रेसीडेंसी पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें राजदूत प्रीति सरन, पूर्व सचिव (पूर्व), विदेश मंत्रालय, भारत ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।
95. दिनांक 07 जुलाई, 2023 को हिमाचल प्रदेश पूर्व छात्र संगठन के सहयोग से एचपीयूडीईएस के ऑनलाइन एलुमनी मीट में मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल मीट के माध्यम से भाग लिया।
96. दिनांक 27 जुलाई, 2023 को विश्वविद्यालय के एम.बी.ए. विभाग द्वारा - "व्यापार, प्रबंधन और उद्यमिता में समकालीन रुझान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन -2023 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

11/15

97. दिनांक 10 अगस्त, 2023 को विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
98. दिनांक 10 अगस्त, 2023 को विश्वविद्यालय के डीन, निदेशकों और अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
99. दिनांक 10 अगस्त, 2023 को मानवता संगठन के समग्र विकास के लिए छात्र द्वारा आयोजित अनुसंधान पद्धति पर तीन दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
100. दिनांक 19 अगस्त, 2023 को यूजीसी - एचआरडीसी, एचपीयू द्वारा आयोजित अर्थशास्त्र, जनसंख्या अध्ययन और आजीवन शिक्षा पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
101. दिनांक 23 अगस्त, 2023 को विश्वविद्यालय खेल और सह-पाठ्यचर्या गतिविधि परिषद की 51 वीं वार्षिक आम बैठक और चौथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
102. दिनांक 23 अगस्त, 2023 को एससीए चुनावों के संबंध में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
103. दिनांक 28 अगस्त, 2023 को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) की आयोजित विशेष आम सभा की बैठक में ऑनलाईन मोड के माध्यम से भाग लिया।
104. दिनांक 28 अगस्त, 2023 को प्रयोगशाला स्टाफ यानी वरिष्ठ तकनीकी सहायक (समूह-1) के पद के लिए आर एंड पीसी की बैठक की अध्यक्षता की।
105. दिनांक 13 सितम्बर, 2023 को राज भवन में माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ शिष्टाचार स्वरूप भेंट की।
106. दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को शिक्षक कॉलोनी में विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों जिनकी शिव बावड़ी में आई आपदा के कारण देहांत हुआ था की आत्मा की शान्ति के लिए हवन किया गया।
107. दिनांक 3 अक्तूबर, 2023 को विश्वविद्यालय सभागार में स्नातकोत्तर केन्द्र का पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस समारोह में शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।
108. दिनांक 3 अक्तूबर, 2023 को समिति कक्ष में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सलाहकार समिति की बैठक अध्यक्षता की।
109. दिनांक 17 अक्तूबर, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में खेल एवं पाठ्येतर गतिविधियों का चौथा पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
110. दिनांक 17 अक्तूबर, 2023 को विश्वविद्यालय के सभागार में सांध्यकालीन अध्ययन विभाग के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

अब मैं कुलसचिव से आग्रह करता हूं कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को विश्वविद्यालय कोर्ट के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद सं0–1:** **विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 07.04.2022 को हुई 33वीं बैठक की कार्यवाही का पुष्टिकरण।**

...................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने अपनी पिछली बैठक दिनांक 07–04–2022 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।**

मद सं0–2: विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 07.04.2022 को हुई 33वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

..................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने दिनांक 07–04–2022 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।**

मद सं0–3: To place before the Court of the University the matter of election of one Member from amongst the Members of the Court of the Executive Council under sub Section (viii) of Section 21 (1) of the Himachal Pradesh University Act, 1970.

..................

**Shri Geeta Ram, Member Executive Council proposed the name of Shri Suresh Kumar, MLA, Bhoranj and Prof. Shyam Lal Kaushal seconded his candidature, Shri Suresh Kumar was elected unanimously as member of the Executive Council from amongst the Members of the University Court under the above mentioned provision of the HP University Act, 1970.**

मद सं0–4: विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37(1 व 2) के प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21 विचारार्थ व स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

..................

**विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37(1 व 2) के प्रावधान के अनुसार विश्वविद्यालय कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्ष 2020–2021 के वार्षिक प्रतिवेदन को अपनी स्वीकृति प्रदान की तथा सचिव, विश्वविद्यालय कोर्ट (कुलसचिव विश्वविद्यालय) ने कुलाधिपति के संज्ञान में प्रस्तुत किया कि विश्वविद्यालय के वर्ष 2021–22 का वार्षिक प्रतिवेदन भी तैयार करवा लिया गया है और इसे विश्वविद्यालय कोर्ट की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।**

## यथा स्थान चर्चाएं:–

1. माननीय सदस्य विश्वविद्यालय कोर्ट आचार्य राजेन्द्र कुमार शर्मा, (कुलपति, जे.पी. विश्वविद्यालय, सोलन) द्वारा माननीय कोर्ट सदस्यों के संज्ञान में प्रस्तुत किया कि विश्वविद्यालय के सम्बद्धता (मान्यता) प्राप्त महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवता में सुधार किया जाए और सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को राष्ट्रीय मुल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय (NAAC) के अन्तर्गत लाया जाए। इस संदर्भ में उन्होंने आगे सुझाया कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए शिक्षा नीति के H-Index पैरामीटर सिद्धांत को स्थापित किया जाए। जिस पर विश्वविद्यालय कोर्ट के अन्य सदस्यों ने आचार्य राजेन्द्र कुमार शर्मा के सुझावों को अपनी सहमति प्रदान की। सचिव, विश्वविद्यालय कोर्ट (कुलसचिव) ने उपरोक्त सुझावों के लिए माननीय सदस्य का धन्यावाद किया तथा उपरोक्त सुझावों को विस्तृत दस्तावेज के रूप में उपलब्ध करवाने का अग्रह किया और आश्वस्त किया कि उनके सुझावों को आगामी बैठक में विचारार्थ हेतु प्रस्तुत किया जाऐगा।

2. विश्वविद्यालय कोर्ट के एक और सदस्य ने भी माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया कि, माननीय कुलपति महोदय ने "प्रत्यायन" में अपने विचार में कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का भी योगदान होना चाहिए । माननीय सदस्य ने सुझाया कि छात्र परिषद् और SCA चुनावों को अब अप्रत्यक्ष रूप में कर दिया गया है और प्रत्यायन के लिए छात्रों का योगदान शुन्य है। माननीय सदस्य ने आगे सुझाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को कम से कम छात्र परिषद् के चुनाव तो करवाने ही चाहिए और उन्होंने आगे कहा कि छात्रों का योगदान उनके अध्ययन और शोध के विषयों के आधार पर लिया जा सकता है। जिस पर माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि छात्र संघों के चुनाव अब प्रत्यक्ष न होकर अप्रत्यक्ष रूप से छात्रों की योग्यता के आधार पर होते हैं। माननीय सदस्य ने अपने सुझाओं में आगे पूछा कि उन शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए विश्वविद्यालय में क्या प्रावधान है जो किसी असाध्य रोग से ग्रस्त हो जाते हैं, जिस पर माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षक कल्याण कोष है और एसे मामलों में इस कोष से उन्हें सहायता प्रदान कि जाती है। माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों को अवगत करवाया कि छात्रों की योग्यता का दोहन पत्रिकाओं में लेख छपवाने के लिए किया जाता है और उन समिति में भी उनका नाम प्रस्तुत किया जाता है जिसमें Alumni Meet करवाई जाती हैं और भविष्य में भी Alumni बैठकें करवाई जाऐंगी जिसमें विद्यार्थियों की प्लेसमेंट की सम्भावनाऐं तलाशी जाऐंगी।
3. माननीय सदस्यों ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय में नवीनतम प्रौद्योगिकी के विषय शैक्षणिक विभागों में आरम्भ किए जाऐं ताकि प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रों को नवीनतम प्रौद्योगिकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रदेश से बाहर न जाना पडे। माननीय कुलपति महोदय ने इस सुझाव पर कहा कि विश्वविद्यालय में Defence and Strategic Studies, Microbiology, Archeology and Ancient History, Library and Information Science, Environment Science, Forensic Science और Data Science & Artificial Intelligence, के विषय पूर्व ही आरम्भ किए जा चुके हैं और कुलपति महोदय ने आगे सदस्यों को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय परिसर में जगह के अभाव के कारण विश्वविद्यालय के कुछ विभाग और संकाय (Faculty) को नियमित और सूचारू रूप से चलाने हेतु शिमला के नजदीकी क्षेत्रों में विश्वविद्यालय परिसर का विस्तार किया जाएगा। इस संदर्भ में सभी सदस्यों ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर विस्तार के कारण पेडों की कटाई होगी जिसके लिए विश्वविद्यालय पौधा–रोपण करें ताकि कटे हुए पेडों की भरपाई हो सके।

**माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में उपस्थित सदस्यों को अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा अपने सम्बोधन में कहा कि:–**

सर्वप्रथम, मैं आप सभी को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला को एक बार पुनः 'ए' ग्रेड का प्रत्यायन प्रदान करने के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ, जिसमें आप का योगदान व प्रयास महत्वपूर्ण रहा है। लेकिन, विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है, जिसमें आप सभी के समर्पण, निष्ठा और चिंतन की आवश्यकता होगी। हमें अपने ग्रेड को और ऊपर कैसे उठाना है, इसके लिए और क्या प्रयास हो सकते हैं, इस पर सभी को सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करना चाहिए।

अभी हाल ही में 19 अप्रैल को विश्वविद्यालय ने अपना 26वां दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके लिए भी आप सभी के टीम वर्क को मैं साधुवाद देता हूँ। माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का मार्गदर्शन हम सभी को मिला और मैं चाहता हूँ कि जो दृष्टिकोण उन्होंने हमारे समक्ष रखा है उसपर अमल किया जाए।

भारत के उच्चतर शिक्षा परिदृश्य में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का एक विशिष्ट स्थान है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की इस महत्वपूर्ण बैठक में आज इसलिए भी एकत्रित हुए हैं कि कोर्ट की पिछली बैठक के निर्णयों पर हुए अमल का लेखा–जोखा लिया जा सके। यह हम सबका सामूहिक दायित्व है कि यह विश्वविद्यालय देश के आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में पुनर्प्रतिष्ठापित हो। इसके लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को और बेहतर तरीके से चलाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय कोर्ट हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय का सर्वोच्च संवैधानिक निकाय है। अधिनियम में विश्वविद्यालय कोर्ट का मुख्य दायित्व विश्वविद्यालय की व्यापक नीतियों एवं कार्यक्रमों का समय–समय पर निर्धारण करना है तथा ऐसे मापदण्ड एवं सुझाव विश्वविद्यालय को देना जिससे विश्वविद्यालय का विकास तथा सुधार सुनिश्चित किया जा सके। विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन तथा वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन का विश्वविद्यालय कोर्ट में अनुमोदन किया जाता है, जोकि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत होते हैं। इन वार्षिक प्रतिवेदनों पर सदस्यों के सुझाव एवं दिशा–निर्देश, विश्वविद्यालय की व्यापक नीति निर्धारण एवं सुधार प्रक्रिया में विशेष योगदान देते हैं। विश्वविद्यालय की सर्वोच्च संवैधानिक निकाय के सदस्य हाने के नाते आप सबसे विश्वविद्यालय के उतरोत्तर विकास एवं सुधार के लिए सुझाव अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक नियमानुसार वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित करना अनिवार्य है। मेरा मानना है कि वर्ष में केवल एक बार बैठक आयोजित करने से हम सब विश्वविद्यालय के विकास एवं सुधार में अपनी भागेदारी एवं जिम्मेदारी पूर्ण रूप से नहीं निभा सकते हैं। क्या यह संभव है कि हम विश्वविद्यालय कोर्ट की वर्ष में दो बैठकें आयोजित करें ताकि कोर्ट के सभी सम्मानीय सदस्य अपने सुझाव एवं दिशा–निर्देश एक संस्था के रूप में विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान को दे सकें तथा विश्वविद्यालय के विकास एवं निर्णय प्रक्रिया में सापेक्षिक भागीदार बन सके। आप सब विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य अपने–अपने क्षेत्र में अत्यंत सक्षम एवं अनुभवी हैं और आपके अनुभव एवं कार्यप्रणाली से विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय सुधार तथा विकास सुनिश्चित होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

विश्वविद्यालय में अनेक भागीदार जैसे कि आप, जनता, विद्यार्थी, महाविद्यालय इत्यादि को अनेक समस्याएं एवं कठिनाईयाँ जोकि आप सब सदस्यों के माध्यम से प्रस्तुत होती हैं, के निपटारे के लिए भी आवश्यक निर्देश तथा सुझाव विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

यह सुन्दर पहाडी प्रदेश आज जिन चुनौतियों से जुझ रहा है जिसमें युवाओं में तेजी से फैलती नशाखोरी की समस्या सबसे बडी है। इसके अलावा, पढे–लिखे युवाओं में बढती बेरोजगारी और नैतिक मूल्यों की कमी सबसे गम्भीर समस्या है। इसलिए, हमारा यह प्रयास रहना चाहिए कि विश्वविद्यालय की अकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों को इस प्रकार संचालित किया जाए कि संस्थान से शिक्षा प्राप्त करने वाला विद्यार्थी इन चुनौतियों से निपटने में पूर्ण रूप से सक्षम हो।

समाज की नई पीढी को मात्र उपाधि–धारक बना देने से हमारा दायित्व पूरा नही हो सकता। युवाओं में सम–सामयिक चुनौतियों को सामना करने का साहस और क्षमता विकसित करना भी हमारी जिम्मदारी है तभी विश्वविद्यालय सही मायनों में अपनी भूमिका को निभा पाएगा।

15/15

सबसे महत्वपूर्ण बात है कि शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का केवल पढाई पर ध्यान केन्द्रीत हो। इसके लिए अनुशासन और गम्भीरता का माहौल जरूरी है। इसके लिए आवश्यक कदम क्यों न उठाने पडें, विचार किया जाना चाहिए। देश–दुनिया के बडे विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित होना चाहिए और शोध के दायरे को और विस्तार देकर इसका लाभ प्रदेश के विद्यार्थियों को प्राप्त होना चाहिए तभी उच्च शिक्षा का लाभ समाज को मिल सकता है।

सदस्य–सचिव
कुलसचिव हि०प्र०विश्वविद्यालय

सत्यापित

(आचार्य सत प्रकाश बंसल)
कुलपति, हि०प्र०विश्वविद्यालय

प्रतिहस्ताक्षर

(श्री शिव प्रताप शुक्ल)
कुलाधिपति/ सभापति